University in News on 22 May 2024

AMAR UJALA
MY CITY PAGE 5

लविवि : 105 केंद्रों पर होंगी पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

23 नोडल सेंटर भी बनाए गए, बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर के परीक्षा केंद्र भी तय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को परास्नातक विषयों के लिए होने वाली सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा सूची देख सकते हैं। पांचों संबद्ध जिलों हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर, लखनऊ व रायबरेली के सहयुक्त कॉलेजों में 105 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही 23 नोडल परीक्षा केंद्र भी बनाए गए हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं इसी माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हो रही हैं। इसमें सभी जिलों के कॉलेजों के 40 हजार से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा विभाग ने परीक्षाओं के क्रम में बीएससी एग्रीकल्चर व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की है। इसके मुताबिक, बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर के लिए सभी जिलों में 17 परीक्षा केंद्र और 11 नोडल सेंटर तय किए गए हैं। इसकी सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

बीबीए-एमबीए का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लविवि के परीक्षा विभाग ने मंगलवार को बीबीए और एमबीए पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए होने वाली परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया। इसके मुताबिक, बीबीए रिटेल मैनेजमेंट दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 11 जून से 22 तक चलेंगी और एमबीए पांच वर्षीय की परीक्षा 15 जून को संपन्न होगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने बीए नॉन एनईपी और एमएससी फूड टेक्नोलॉजी के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक बदलाव करते हुए इसे दोबारा जारी किया है।

लविवि : छात्रों ने लैब में शोध के लिए बनाए सस्ते मॉडल

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने बनाया मॉडल। संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला में शोध के लिए दो सस्ते मॉडलों का निर्माण किया है। बाजार में इसकी कीमत करीब दो लाख रुपये है जबकि छात्रों ने इसे मात्र 25 हजार रुपये में ही तैयार कर दिया है। इससे शोध के लिए आसानी होगी और अधिक विद्यार्थी इसका लाभ ले सकेंगे।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों ने विभाग में योगदान देने के लिए कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग एवं हेगन पॉइजुइल नामक उपकरण बनाया है। इस उपकरण का उपयोग मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा क्रमशः हीट एंड मास ट्रांसफर और फ्लुइड मैकेनिक्स प्रयोगशाला में किया जाएगा। कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग के उपयोग से, किसी भी मैटेरियल की तापीय चालकता और थर्मल प्रतिरोध का पता लगाया जा सकता है।

वहीं हेगन पॉइजुइल सेटअप में छात्र लामिना के प्रवाह में हेड लॉस की गणना कर सकते हैं जबकि तरल पदार्थ गोलाकार पाइप के माध्यम से बह रहा हो। साथ ही हेगन पॉइजुइल समीकरण को भी सत्यापित कर सकते हैं। दीपाली सिंह, आयुष चौधरी, प्रथम, प्रद्युम्न सिंह और हिमांशु यादव ने कंपोजिट वॉल उपकरण और अब्दुल ताहिर, पंकज यादव, अवनीश सिंह और समीर ने हेगन पॉइजुइल सेटअप बनाया है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया किछात्रों ने संदीप गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार यादव व डॉ. कमलेश तिवारी के मार्गदर्शन में इस कार्य को पूरा किया।

पूर्वांचल का चुनावी मिजाज जानेंगे लविवि के विद्यार्थी

लखनऊ। लविवि के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी पूर्वांचल के राजनीतिक समीकरणों को समझेंगे। इसके लिए विद्यार्थियों का एक दल शिक्षकों के निर्देशन में पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों का दौरा करेगा और एक रिपोर्ट तैयार करेगा। यह रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सीलबंद लिफाफे में सौंपी जाएगी।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय समिति की बैठक हुई। इसमें एक विस्तृत योजना तैयार की गई। पांच शिक्षकों व चार शोधकर्ताओं की एक टीम, जो अन्य शोधकर्ताओं के समूह नेताओं के रूप में प्रतिनिधित्व करेगी, 25 से 27 मई तक पूर्वी प्रदेश के जिलों का दौरा करेगी। इन जिलों में वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, गाजीपुर आदि शामिल होंगे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों को इससे राजनीतिक परिदृश्य को समझने और जनता के मूड को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलेगा। अपने अध्ययन के दौरान शोधार्थी प्रश्नावली के माध्यम से जनता का मिजाज परखेंगे। (संवाद)

NBT PAGE 4

LU समझेगा मतदाताओं का मन

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के शिक्षक और स्टूडेंट का ग्रुप 25 से 27 मई के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश का राजनीतिक अध्ययन करेगा। इसके बाद एक रिपोर्ट तैयार कर विश्वविद्यालय को सौंपी जाएगी। एलयू में वीसी प्रफेसर आलोक कुमार राय के निर्देश पर मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय समिति की बैठक के दौरान इस पर चर्चा की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि 5 शिक्षकों और 4 शोधकर्ताओं की एक टीम अन्य शोधकर्ताओं के समूह को लीड करेगी। यह अध्ययन इसलिए किया जाएगा, क्योंकि इस पूर्वी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक प्रचार और गतिविधियां अपने चरम पर होंगी। वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, गाजीपुर समेत अन्य जिलों में मतदाताओं के वोटिंग व्यवहार का अध्ययन भी इस दौरान किया जाएगा।

25 से 27 मई के बीच पूर्वी उप्र में राजनीतिक अध्ययन करेगी विवि की टीम

NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात

क्या होगा फायदा?

पूर्वी यूपी की राजनीति राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव डालती है। इस क्षेत्र के अध्ययन से स्टूडेंट्स को भारतीय लोकतंत्र, राजनीतिक दलों, विचारधाराओं और नीति निर्माण की समझ आएगी। साथ ही सामाजिक, धार्मिक और जातीय विविधता वाला क्षेत्र होने से सामाजिक मुद्दों की जटिलताओं को समझने में मदद मिलेगी। विकास, कृषि, औद्योगिकीकरण और रोजगार जैसे मुद्दों को समझ सेंगे। राजनीति विज्ञान के स्टूडेंट्स के लिए विश्लेषण, शोध और संचार कौशल विकसित होना जरूरी होता है। लिहाजा प्रैक्टिकल नॉलेज भी मिलेगी।

LU: सीमित साधनों में बनाए किफायती उपकरण

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू के इंजिनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय में बीटेक मैकेनिकल इंजिनियरिंग के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स ने कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग और हेगन पॉइजुइलस उपकरण तैयार किए हैं। बाजार में दो-दो लाख कीमत वाले उपकरणों को विवि की केंद्रीय कार्यशाला में सीमित संसाधनों में काफी कम लागत से तैयार किया गया है। सहायक प्रो. संदीप कुमार गुप्ता और डॉ. सुनील कुमार यादव के अनुसार ने बताया कि कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग से किसी भी मैटेरियल की तापीय चालकता व थर्मल प्रतिरोध का पता लगाया जाता है।

कर्मयोगी योजना के तहत स्टूडेंट्स को मिली 15,000 रुपये छात्रवृत्ति

■ एनबीटी सं., लखनऊ : एलयू में वीसी ने कर्मयोगी योजना के तहत 2023-24 शैक्षणिक सत्र के स्टूडेंट्स को 15,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। इस दौरान वीसी प्र. आलोक कुमार राय ने स्टूडेंट्स के कामों की सराहना करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है। इस तरह के प्रयास आंतरिक शक्ति और लचीलापन पैदा करते हैं।

कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं : वीसी

वीसी ने स्टूडेंट्स से बातचीत के दौरान उन्हें कर्मयोगी के रूप में अपने अनुभवों को कौशल में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया। एलयू में कर्मयोगी योजना 'सीखते हुए कमाओ' कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य स्टूडेंट्स को उनकी पढ़ाई के दौरान आर्थिक रूप से सहायता करना है। स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों से चुने गए 25 स्टूडेंट्स को अलग-अलग विभागों से चुना गया।

HINDUSTAN PAGE 6

लखनऊ विवि का परीक्षा कार्यक्रम जारी, बीए के पेपर आज से शुरू

पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी, नोडल परीक्षा केन्द्र बनाए गए

मिशन एग्जाम

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय बीए(नॉन एनईपी) की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो रही हैं। मंगलवार को परीक्षा केन्द्र में व्यवस्थाओं का परखा गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. विद्यानन्द त्रिपाठी ने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को जरूरी निर्देश भी जारी किए है। पहले दिन 22 मई को प्रथम पाली में आयोजित होने वाली परीक्षा 11:30 बजे आरंभ होगी। उर्दू विषय में प्रथम पेपर बुधवार और द्वितीय पेपर गुरुवार को होगा।

इसके बाद दो दिन अरब कल्चर की परीक्षाएं होंगी। 30 मई को एजुकेशन का पेपर होगा। फिर अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र सहित अन्य परीक्षाएं होंगी। परीक्षाओं का क्रम 3 जून से 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 15 तक रहेगा।

विश्वविद्यालय दल पूर्वी उत्तर प्रदेश जाएगा: लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं निर्देशन में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय समिति की बैठक हुई। जिसमें वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश में किए जाने वाले राजनीतिक निर्णय-निर्माण एवं उसके पूर्ववृत्त के संबंध में एक अध्ययन पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एक विस्तृत योजना तैयार की गई कि पांच शिक्षकों एवं चार शोधकर्ताओं की एक टीम अन्य शोधकर्ताओं के समूह नेताओं के रूप में प्रतिनिधित्व करेगी। यह टीम 25 से 27 मई पूर्वी उत्तर प्रदेश का दौरा करेगी।

11 बजकर 30 मिनट से आज शुरू होगी परीक्षा

30 मई को एजुकेशन का प्रश्न पत्र होगा

एमएससी फूड प्रोसेसिंग की परीक्षा तिथि बदली

एलयू ने एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी की परीक्षा तिथि में बदलाव किया है। संशोधित कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। 31 मई से परीक्षा होगी। द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 5, 7, 12, 15 जून को होंगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 6, 11 और 14 जून को होगी। वहीं एमबीए पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 15 जून से शुरू होंगी।

परीक्षा केंद्र और नोडल की सूची वेबसाइट पर

एलयू ने मंगलवार को बीएसएस और एमएससी सम सेमेस्टर परीक्षा के केन्द्रों की सूची जारी कर दी है। लखनऊ, लखीमपुरी, रायबरेली, सीतापुर में नौ नोडल केन्द्र बनाए हैं। विस्तृत सूची विवि की वेबसाइट पर है। पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा के लिए केन्द्रों की सूची भी जारी कर दी है। 20 नोडल परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

छात्रों को काम करने के बदले छात्रवृत्ति दी

लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हाल में कर्मयोगी योजना के छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की गई और उन्हें 15,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों से चुने 25 छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य और दूसरे परिसर के भीतर विभिन्न विभागों और कार्यालयों में विविध भूमिकाएं निभाईं। समारोह में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कर्मयोगी योजना द्वारा प्रदान किए जाने वाले कौशल, श्रम और वित्तीय समझ के गहन मूल्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों की लगन की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है। इस मौके पर छात्र कल्याण की डीन प्रोफेसर संगीता साहू ने छात्रों की विभिन्न जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। प्रत्येक छात्र ने छात्रवृत्ति अर्जित करने के लिए 100 घंटे काम किया।

एलयू छात्रों ने 25 हजार से बनाए दो लाख के उपकरण

एलयू के बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने लैब उपकरण बनाए।

इनसे सीखें

- इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी संकाय छात्रों का प्रयोग
- कार्यशाला के संसाधनों का उपयोग कर निर्माण किया

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग अन्तिम वर्ष के छात्रों ने प्रयोगशाला के लिए उपकरण बनाए हैं।

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय छात्रों ने विभाग में योगदान देने के लिए कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग एवं हेगन पॉइजुइल नामक उपकरण बनाया है। इस उपकरण का उपयोग मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा क्रमशः हीट एंड मास ट्रांसफर और फ्लुइड मैकेनिक्स प्रयोगशाला में किया जाएगा।

असिस्टेंट प्रोफेसर इं संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग के उपयोग से किसी भी मैटेरियल की तापीय चालकता और थर्मल प्रतिरोध का पता लगा सकता है और हेगन पॉइजुइल सेट अप में, छात्र लामिना के प्रवाह में हेड लॉस की गणना कर सकते हैं जबकि तरल पदार्थ गोलाकार पाइप के माध्यम से बह रहा हो और हेगन पॉइजुइल समीकरण को भी सत्यापित कर सकते हैं। दोनों उपकरण का बाजार मूल्य 2 लाख से ऊपर है। छात्रों ने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय की केंद्रीय कार्यशाला में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग से 25,000 रुपये के भीतर दोनों उपकरण का निर्माण किया।

हेगन पॉइजुइल सेट अप बनाया: इन छात्रों में दीपाली सिंह, आयुष चौधरी, प्रथम, प्रद्युम्न सिंह और हिमांशु यादव ने कंपोजिट वॉल उपकरण और अब्दुल ताहिर, पंकज यादव, अवनीश सिंह और समीर ने हेगन पॉइजुइल सेट अप बनाया। छात्रों का सहायक प्रोफेसर इं संदीप कुमार गुप्ता और डॉ. सुनील कुमार यादव का मार्गदर्शन मिला।

HT PAGE 3

LU TEACHERS, RESEARCHERS TO SURVEY POLL-BOUND REGIONS

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: Political science department of the Lucknow University will conduct a survey for political analysis in poll bound districts of East UP. A team of five teachers and four researchers will visit the region between May 25 to 27 to coincide with the sixth phase of polling.

"These dates have been fixed keeping in mind the fact that during this period political propaganda and activities within and outside the institutions will be at their peak. Apart from this, during these days, the study group will also get an opportunity to meet and talk to party candidates contesting the elections," said Sanjay Gupta, head of political science department.

"In this way, the study group will get an opportunity to understand the political scenario and the mood of the public in selected districts of eastern Uttar Pradesh like Varanasi, Chandauli, Mirzapur, Ghazipur etc. With the aim of studying the voting behaviour of voters, it is proposed to visit students enrolled in higher educational institutions of the region," he said. To make our study systematic, questionnaires are being prepared, he said.

i-NEXT PAGE 4

25 विद्यार्थियों को दी कर्मयोगी छात्रवृत्ति

लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हाल में मंगलवार को आयोजित समारोह में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सत्र 2023-24 के 25 छात्र-छात्राओं को कर्मयोगी योजना के तहत 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति एवं प्रशंसा पत्र दिया. इसमें विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों से चुने गए विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के मुख्य और दूसरे परिसर के भीतर विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में विविध भूमिकाएं निभाईं.

चुनौती मूल्यांकन में बदल गए अंक

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बीएससी विषम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में कई विद्यार्थियों के अंकों में बदलाव हो गया है. बीएससी तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के पांच विद्यार्थियों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं में दिए गए अंकों को लेकर चुनौती मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था. अब उनके अंक बदल गए हैं, जिसकी सूचना वेबसाइट पर जारी की गई है.

मूल्यांकन में बदले अंक

लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बी.एससी विषम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में कई विद्यार्थियों के अंकों में बदलाव हो गया है। बी.एससी तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के पांच विद्यार्थियों ने उत्तर पुस्तिकाओं में दिए गए अंकों को लेकर चुनौती मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था। अब उनके अंक बदल गए हैं। (जासं)

106 केंद्रों पर होंगी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की परीक्षा केंद्रों की सूची

LUCKNOW (21 MAY): लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है. यह परीक्षाएं लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी मिलाकर 106 केंद्रों पर होंगी. विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in के माध्यम से अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं.

27 मई से होंगे एग्जाम

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पीजी के मुख्य विषयों की परीक्षाएं 27 मई से शुरू होंगी. पांच जिलों को मिलाकर करीब 40 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए गए हैं. 106 परीक्षा केंद्रों पर करीब 150 कालेजों के पीजी विद्यार्थी परीक्षा देंगे. उन्होंने बताया कि 23 नोडल केंद्र भी बनाए गए हैं.

11 नोडल सेंटर भी

परीक्षा कार्यक्रम जारी

विश्वविद्यालय ने कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया है. एम.बी.ए. छठे सेमेस्टर की परीक्षा 15 जून को होगी. बी.बी.ए. रिटेल मैनेजमेंट दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 22 जून तक आयोजित की जाएंगी. वहीं, एम.एससी. फूड प्रासेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी और बी.ए. आनर्स की परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है.

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने बी.एससी. और एम.एससी. कृषि की परीक्षाएं 17 केंद्रों पर होंगी. 11 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं। इसकी सूची भी जारी कर दी गई है.

JAGRAN CITY PAGE III

106 केंद्रों पर होगी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है। यह परीक्षाएं लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी मिलाकर 106 केंद्रों पर होंगी। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in के माध्यम से अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पीजी के मुख्य विषयों की परीक्षाएं 27 मई से शुरू होंगी। पांच जिलों को मिलाकर करीब 40 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। 106 परीक्षा केंद्रों पर करीब 150 कालेजों के पीजी विद्यार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि 23 नोडल केंद्र भी बनाए गए हैं।

बीएससी, एमएससी कृषि की परीक्षाओं के लिए केंद्र तय : लविवि ने बी.एससी. और एम.एससी. कृषि की परीक्षाएं 17 केंद्रों पर होंगी। 11 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं।

परीक्षा कार्यक्रम जारी : विश्वविद्यालय ने कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। एम.बी.ए. छठे सेमेस्टर की परीक्षा 15 जून को होगी। बी.बी.ए. रिटेल मैनेजमेंट दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 22 जून तक आयोजित की जाएंगी। एम.एससी. फूड प्रासेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी और बी.ए. आनर्स की परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय : 25 विद्यार्थियों को दी कर्मयोगी छात्रवृत्ति

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हाल में आयोजित समारोह में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सत्र 2023-24 के 25 छात्र-छात्राओं को कर्मयोगी योजना के तहत 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति एवं प्रशंसा पत्र दिया। इसमें विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों से चुने गए विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के मुख्य और दूसरे परिसर के भीतर विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में विविध भूमिकाएं निभाईं। अविकाशा छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू ने बताया कि छात्रवृत्ति पाने वाली

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व प्रशंसा पत्र दिया • लवि

में विपुल खुरसा, आदित्य यादव, प्रभांशु बाजपेयी, कुलदीप कुमार, निशांत शुक्ला, गरिमा देवी, दिशा, अनुज, आशुतोष मिश्रा, भारद्वाज मिश्रा, शिवाल, सुमित, विवेक, अमन पाल, श्वेता तिवारी, हिमांशु, राहुल, दक्ष, सोनम, प्रभात, प्रतिभा, अंशुमन, शाश्वत और शालिनी जायसवाल शामिल रहे।

विद्यार्थियों ने बनाए प्रयोगशाला के लिए उपकरण

जागरण संवाददाता • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संकाय में बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने विभाग में योगदान देने के लिए कंपोजिट वाल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग एवं हेगन पाइजुइल नामक उपकरण बनाया है। खास बात ये है कि दोनों उपकरण की कीमत बाजार में दो लाख से ऊपर है। लेकिन विद्यार्थियों ने 25 हजार रुपये में तैयार कर लिया। इस उपकरण का उपयोग मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा क्रमशः हीट एंड मास ट्रांसफर और फ्लुइड मैकेनिक्स प्रयोगशाला में किया जाएगा। कंपोजिट वाल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग के उपयोग से, किसी भी मैटेरियल की तापीय चालकता और थर्मल प्रतिरोध का पता लगाया जा सकता है। वहीं हेगन पाइजुइल सेटअप में छात्र लामिना के प्रवाह में हेड लॉस की गणना कर सकते हैं जबकि तरल पदार्थ गोलाकार पाइप के माध्यम से बह रहा हो और हेगन पाइजुइल समीकरण को भी सत्यापित कर सकते हैं। दोनों उपकरण का बाजार मूल्य 2 लाख से ऊपर है। सीमित साधनों में छात्र लामिना के प्रवाह में हेड लॉस की गणना कर सकते हैं जबकि तरल पदार्थ गोलाकार पाइप के माध्यम से बह रहा हो और हेगन पाइजुइल समीकरण को भी सत्यापित कर सकते हैं। विद्यार्थियों ने कंपोजिट वाल उपकरण और अब्दुल ताहिर, पंकज यादव, अवनीश सिंह और समीर ने हेगन पाइजुइल सेट अप बनाया। विभाग के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ० कमलेश तिवारी एवं संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

उपकरण के साथ इंजीनियरिंग संकाय के विद्यार्थी • हीलाल • लवि

PIONEER PAGE 3

कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं : प्रो. आलोक कुमार राय

● कर्मयोगी योना के 25 लाभार्थी छात्रों को कुलपति ने प्रशंसा पत्र के साथ प्रदान की छात्रवृत्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को मंथन हॉल में आयोजित समारोह के दौरान विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कर्मयोगी योजना के प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देने के साथ ही 15,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। सीखते हुए कमाओ कार्यक्रम का हिस्सा यह छात्र कल्याण पहल का उद्देश्य छात्रों को उनकी पढ़ाई के दौरान आर्थिक रूप से सहायता करना है। विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों से चुने गए 25 छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य और दूसरे परिसर के भीतर विभिन्न विभागों और कार्यालयों में विविध भूमिकाएँ निभाई। पुरस्कार समारोह के दौरान, प्रो. राय ने छात्रों को बधाई दी और कर्मयोगी योजना द्वारा प्रदान किए जाने वाले कौशल, श्रम और वित्तीय समझ के गहन मूल्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्रों की लगन की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है और इस तरह के प्रयास आंतरिक शक्ति और लचीलापन पैदा करते हैं। प्रो. राय ने छात्रों से बातचीत की और उन्हें कर्मयोगी के रूप में अपने अनुभवों को मूल्यवान कौशल में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से दुनिया में अपना स्थान बनाने का आग्रह किया और समय तथा धन प्रबंधन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह पहल, समग्र व्यक्तित्व के विकास तथा उन्हें जीवन की जटिलताओं से निपटने के लिए तैयार करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। इस दौरान छात्र कल्याण की डीन प्रोफेसर संगीता साहू ने छात्रों की विभिन्न जिम्मेदारियों को रेखांकित किया और काम तथा पढ़ाई के बीच उनके द्वारा बनाए गए संतुलन पर प्रकाश डाला। उनके कर्तव्यों में कार्यालय का काम, पुस्तकालय सहायता, कंप्यूटर संचालन, प्रयोगशाला कार्य, शिक्षक सहायता और जिम प्रशिक्षण शामिल थे। प्रत्येक छात्र ने छात्रवृत्ति अर्जित करने के लिए 100 घंटे काम किया।

कुलपति ने बांटी 'कर्मयोगी योजना' के लाभार्थियों को 15,000 छात्रवृत्ति

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 2023-24 शैक्षणिक सत्र के लिए 'कर्मयोगी योजना' में छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की। मंथन हॉल में आयोजित समारोह के दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र दिए और उन्हें 15,000 रुपये की छात्रवृत्ति बाँटी। 'सीखते हुए कमाओ' कार्यक्रम का हिस्सा यह छात्र कल्याण पहल का उद्देश्य छात्रों को उनकी पढ़ाई के दौरान आर्थिक रूप से सहायता करना है। विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों से चुने गए 25 छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य और दूसरे परिसर के भीतर विभिन्न विभागों और कार्यालयों में विविध भूमिकाएँ निभाई। पुरस्कार समारोह के दौरान, प्रो. राय ने छात्रों को बधाई दी और कर्मयोगी योजना द्वारा प्रदान किए जाने वाले कौशल, श्रम और वित्तीय समझ के गहन मूल्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों की लगन की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है और इस तरह के प्रयास आंतरिक शक्ति और लचीलापन पैदा करते हैं।

प्रो. राय ने छात्रों से बातचीत की और उन्हें कर्मयोगी के रूप में अपने अनुभवों को मूल्यवान कौशल में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से दुनिया में अपना स्थान बनाने का आग्रह किया और समय तथा धन प्रबंधन के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि यह पहल, समग्र व्यक्तित्व के विकास तथा उन्हें जीवन की जटिलताओं से निपटने के लिए तैयार करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। छात्रों ने पढ़ाई के दौरान अपनी पहली कमाई प्राप्त करने का भी आनंद लिया और कक्षा से परे समग्र विकास को बढ़ावा देने वाली एक अनूठी, छात्र-केंद्रित पहल के रूप में कर्मयोगी योजना की प्रशंसा की।

शिक्षक और छात्र करेंगे पूर्वी उत्तर प्रदेश का राजनीतिक अध्ययन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय समिति की बैठक हुई, जिसमें वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश में किए जाने वाले राजनीतिक निर्णय-निर्माण एवं उसके पूर्ववृत्त के संबंध में एक अध्ययन पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में एक विस्तृत योजना तैयार की गई। इसमें तय हुआ कि पांच शिक्षक एवं चार शोधकर्ताओं की टीम के रूप में शामिल करते हुए जनपदीय भ्रमण कराया जाएगा। ये भ्रमण 25 से 27 मई तक क्षेत्रीय दौरा भी करेगा। इसमें वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, गाजीपुर जनपदों को शामिल किया गया है।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में परिवर्तन लाएंगे नए शोध

लविवि के छात्रों ने तैयार किए दो नए उपकरण, नए छात्रों की पढ़ाई में होंगे उपयोगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

नए उपकरणों के साथ लविवि के छात्र और शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वरदान साबित होने वाले उपकरण तैयार किए हैं। यह उपकरण नए छात्रों की पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ इस क्षेत्र में होने वाले नए प्रयोगों को भी आसान कर देंगे।

लविवि के प्रवक्